# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/मा–स/विविध/वो–II/2018/35 दिनांकः 05.10.2018

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**माध्यमिक – प्रथम/द्वितीय**

**विषय :–** 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्ययोजना दिशा निर्देश 2018–19
**प्रसंग :–** शासन का पत्रांक रा.स्कू.शि.प./जय/आरईआई/2018–19/6871 दिनांक : 26.09.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि समग्र शिक्षा अभियान (SSA/RMSA) के अन्तर्गत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्ययोजना दिशा निर्देश 2018–19 प्रेषित किये जा रहे हैं। जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ, व्यय मानदण्ड, संभागी इत्यादि के संदर्भ में विस्तार से निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त सम्बन्ध में संलग्न दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करवावें।
**संलग्न :– यथोपरि।**

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान, जयपुर।
4. उपायुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, राजस्थान, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
8. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
9. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

मुख्य भवन ब्लॉक–5 एवं एकलव्य भवन

उपायुक्त (प्रशिक्षण, क्वालिटी आर.ई.आई) कार्यालय, मुख्य भवन ब्लॉक–6, प्रथम तल,

डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

फोन:– 2706069, 2705937 E-mail : rddrei@gmail.com


क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प. / जय / शोध / 2018–19 / 6873 दिनांक 26/9/18

## एक भारत श्रेष्ठ भारत – कार्ययोजना दिशा निर्देश 2018–19

समग्र शिक्षा अभियान 2018–19 की कार्य योजना में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" नवाचार के अन्तर्गत पीएबी द्वारा अनुमोदित बजट सीमा में ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर निम्नानुसार गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। इन गतिविधियों के व्यय मानदण्ड, स्तर, संभागी एवं गतिविधियों के आयोजन के संदर्भ में विस्तार से दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे है जो आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित है। इन दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त भी समय–समय पर आवश्यकतानुसार निर्देश जारी किये जायेगें।

1. **चित्र / पोस्टर प्रतियोगिता** (असम राज्य की संस्कृति, महापुरूष, जनजीवन, प्रकृति और संपदा आदि विषयों पर) :
   राजस्थान सरकार और असम सरकार के मध्य एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत अनुबन्ध पत्र हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत दोनों राज्य (राजस्थान और असम) अपने अपने प्रदेश में विद्यालय स्तर पर उन गतिविधियों का आयोजन करेंगे जिनसे एक दूसरे की संस्कृति, महापुरूष, लोकगीत आदि के बारे में बच्चों को जानकारी हो सकें।

   असम राज्य की संस्कृति, महापुरूष, जनजीवन, प्रकृति और संपदा के विषय में राजस्थान में चित्र / पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित होगी। जिसमें फुल साइज कार्ड शीट पर पोस्टर कलर से प्रतियोगियों से उपरोक्त में से किसी एक विषय पर चित्र / पोस्टर बनवाये जायेंगे। प्रतियोगिता तीन समूहों में अलग–अलग आयोजित होगी **समूह–ए** (कक्षा 6 से कक्षा 8 तक) **समूह–बी** (कक्षा 9, 10) **समूह–सी** (कक्षा 11,12)

   **प्रतियोगिता का आयोजन :**

   - **पंचायत स्तर** – यह प्रतियोगिता पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगी। जिसमें पंचायत के समस्त राजकीय विद्यालयों से उक्त तीन समूहों में एक–एक शिक्षार्थी भाग लेंगे। जो कार्ड शीट, पोस्टर कलर, ब्रश, रबर, पेन्सिल, स्केल

www.rajteachers.com

इत्यादि सामग्री स्वयं के साथ लायेंगे। जिसकी व्यवस्था प्रतिभागी शिक्षार्थी के स्वयं के विद्यालय द्वारा की जायेगी।

पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु अपने विद्यालय में एक प्रभारी अध्यापक नामित किया जायेगा तथा उक्त में से कोई एक विषय निर्धारित कर पंचायत के समस्त विद्यालयों को सूचना प्रेषित की जायेगी। जिसमें प्रतियोगिता के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी जावें। पंचायत स्तर पर यह प्रतियोगिता 2 अक्टूबर 2018 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जानी अनिवार्य है। पंचायत स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के संदर्भ में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी चाहिये –

1. पंचायत क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों को सम्पूर्ण सूचना के साथ लिखित सूचना पत्र पीईईओ द्वारा प्रेषित किया जायें।
2. प्रतियोगिता आयोजन हेतु प्रभारी अध्यापक नामित किया जायें तथा तीनों समूहों में पंचायत से एक–एक विद्यार्थी का चयन किये जाने हेतु तीन सदस्य निर्णायक मण्डल बनाया जायें, जिसमें चित्रकला शिक्षक एवं अन्य को रखा जा सकता है।
3. प्रतिभागियों के लिये बड़े कक्ष में दरी विछवाकर सम्पूर्ण व्यवस्था अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन करें।
4. प्रतिभागी एवं उनके साथ आने वाले शिक्षकों के लिये पेयजल की व्यवस्था की जावें।
5. प्रतियोगिता समाप्ति पश्चात निर्णयाक मण्डल द्वारा तीनों समूहों में से एक–एक विद्यार्थी का चयन कर सभी प्रतियोगियों के समक्ष उनके पंचायत स्तर पर चयन की घोषणा की जावें।
6. एक पंचायत से चयनित तीन शिक्षार्थी (प्रत्येक समूह से 1) ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ब्लॉक स्तर पर निर्धारित दिनांक को शिक्षार्थियों को भिजवाने एवं सुरक्षित वापसी का दायित्व पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी का होगा।

- <u>ब्लॉक स्तर</u> – यह प्रतियोगिता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में उनके द्वारा तय किये गये स्थान पर उपरोक्त अंकित विषय पर आयोजित होगी। जिसमें प्रत्येक पंचायत से तीन चयनित शिक्षार्थी (प्रत्येक समूह से 1) भाग लेंगे। प्रतिभागी कार्ड शीट के अतिरिक्त समस्त सामग्री स्वयं लेकर आयेंगे। ब्लॉक कार्यालय द्वारा सभी प्रतिभागियों को कार्ड शीट उपलब्ध कराई जायेंगी।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु विषय निर्धारित कर समस्त पीईईओ को विस्तृत सूचना दी जावें। ब्लॉक स्तर पर यह प्रतियोगिता 14 नवम्बर 2018 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जानी अनिवार्य

www.rajteachers.com

है। ब्लॉक स्तर पर होने वाली चित्र/पोस्टर प्रतियोगिता के संदर्भ में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी चाहिये –

1. ब्लॉक क्षेत्र के सभी पीईईओ को सम्पूर्ण सूचना के साथ लिखित सूचना पत्र प्रेषित किया जायें।
2. प्रतियोगिता आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार शिक्षकों को नामित किया जायें। ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक समूह से एक शिक्षार्थी का चयन किया जाना है। अतः पाँच सदस्यीय निर्णायक मण्डल का गठन किया जावें। जिसमें चित्रकला शिक्षक, अन्य कला विशेषज्ञ एवं अधिकारियों को रखा जा सकता है।
3. प्रतियोगिता के लिये उपयुक्त स्थान तय कर सम्पूर्ण व्यवस्था अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन करें।
4. प्रतिभागियों एवं उनके साथ आने वाले शिक्षकों के लिये पेयजल एवं चाय/जलपान की व्यवस्था की जावें।
5. प्रतियोगिता समाप्ति पश्चात निर्णयाक मण्डल द्वारा तीनों समूहों में से एक–एक विद्यार्थी का चयन कर सभी प्रतियोगियों के समक्ष ब्लॉक स्तर पर चयनित तीन प्रतिभागियों की घोषणा की जावें। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र दिया जावें। प्रमाण पत्र का प्रारूप संलग्न है।
6. एक ब्लॉक से चयनित तीन शिक्षार्थी (प्रत्येक सूमह में –1) जिला स्तर पर आयोजित होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर निर्धारित दिनांक को शिक्षार्थियों को भिजवाने एवं सुरक्षित वापसी का दायित्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का होगा।

- **<u>जिला स्तर</u>** – यह प्रतियोगिता जिला स्तर जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान के निर्देशन में उनके द्वारा तय किये गये स्थान पर उपरोक्त अंकित विषयों में से किसी एक विषय पर आयोजित होगी। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से तीन चयनित शिक्षार्थी (प्रत्येक समूह से 1) भाग लेंगे। प्रतिभागी कार्ड शीट के अतिरिक्त समस्त सामग्री स्वयं लेकर आयेंगे। जिला कार्यालय द्वारा सभी प्रतिभागियों को कार्ड शीट उपलब्ध कराई जायेंगी।

जिला परियोजना समन्वयक द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु विषय निर्धारित कर समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत सूचना दी जावें। जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता 12 जनवरी 2019 को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक आयोजित की जावें। जिला स्तर पर होने वाली चित्र/पोस्टर प्रतियोगिता के संदर्भ में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी चाहिये –

1. जिले के सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को सम्पूर्ण सूचना के साथ लिखित सूचना पत्र प्रेषित किया जायें।



www.rajteachers.com

2. प्रतियोगिता आयोजन हेतु प्रभारी अधिकारी एवं व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार शिक्षकों को नामित किया जायें। जिला स्तर पर प्रत्येक समूह से दो शिक्षार्थी (प्रथम एवं द्वितीय) का चयन किया जाना है। अतः पाँच सदस्यीय निर्णायक मण्डल का गठन किया जावें। जिसमें चित्रकला शिक्षक, अन्य कला विशेषज्ञ एवं अधिकारियों को रखा जा सकता है।
3. प्रतियोगिता के लिये उपयुक्त स्थान तय कर सम्पूर्ण व्यवस्था अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन करें।
4. प्रतिभागियों एवं उनके साथ आने वाले शिक्षकों के लिये पेयजल एवं जलपान/वर्किंग लंच की व्यवस्था की जावें तथा केवल प्रतिभागी शिक्षार्थियों को वास्तविक यात्रा व्यय का पुनर्भरण किया जायें।
5. जिला स्तर पर होने वाला यह समारोह दो चरणों में सम्पन्न किया जायेंगा प्रथम चरण में प्रातः 10 से 12 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक समारोह का आयोजन किया जावे जिसमें जिले के विशिष्ठ जनों, शिक्षकों, शिक्षार्थियों एवं अधिकारियों को आमंत्रित किया जावें तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदर्भ में विचार प्रकट किये जावें। इस समारोह में तीनों समूहों में चयनित दो–दो विद्यार्थियों की घोषणा की जायें उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिये जायें।

## प्रतियोगिता हेतु इकाई लागत एवं दिनांक

| प्रतियोगिता स्तर | आयोजन स्थल | संभागी | इकाई लागत | आयोजन दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| पंचायत स्तर | पीईईओ द्वारा निर्धारित विद्यालय/स्थान | पंचायत के सभी राजकीय विद्यालयों से निर्धारित तीनों समूहों से एक–एक शिक्षार्थी | – | 2 अक्टूबर 2018 |
| ब्लॉक स्तर (इकाई लागत 1,000 रूपये प्रति ब्लॉक) | ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित विद्यालय/स्थान जो निःशुल्क उपलब्ध हो | प्रत्येक पंचायत से तीनों समूहों से चयनित एक–एक शिक्षार्थी (कुल तीन शिक्षार्थी) | • स्टेशनरी – 6 रूपये प्रति संभागी – 40X6= 240<br>• चाय/जलपान – 10 रूपये प्रति संभागी (शिक्षक एवं शिक्षार्थी) – 50X10= 500<br>• विविध व्यय (शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र आदि) – 260 रूपये | 14 नवम्बर 2018 |
| जिला स्तर (इकाई लागत 10,000 रूपये प्रति जिला) | जिला परियोजना समन्वयक द्वारा निर्धारित विद्यालय/स्थान जो निःशुल्क उपलब्ध हो | प्रत्येक ब्लॉक से तीनों समूहों से चयनित एक–एक शिक्षार्थी (कुल तीन शिक्षार्थी) | • स्टेशनरी – 10 रूपये प्रति संभागी – 40X10= 400<br>• वर्किंग लंच 60 रूपये प्रति संभागी (शिक्षक एवं शिक्षार्थी) – 50X60= 3000<br>• स्मृति चिन्ह 400 रूपये प्रति विजेता–400X6= 2400<br>• वास्तवित यात्रा व्यय पुनर्भरण – 40X80= 3200<br>• विविध व्यय एवं प्रमाण पत्र – 1000 रूपये | 12 जनवरी 2019 |

www.rajteachers.com

2. **शैक्षिक भ्रमण राज्य स्तर** – एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत राजस्थान राज्य से असम राज्य का शैक्षिक भ्रमण शिक्षकों/शिक्षार्थियों के लिये आयोजित किया जायेगा। जिसमें राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत रहते हुये सत्र 2017–2018 में कक्षा 10 की परीक्षा में (जिले में) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले (जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले) शिक्षार्थी (बालक/बालिका) का चयन किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक जिले से एक शिक्षार्थी का चयन होगा राज्य में कुल 33 शिक्षार्थियों का चयन किया जायेगा। यह शैक्षिक भ्रमण फरवरी 2019 में आयोजित होगा। शैक्षिक भ्रमण के संदर्भ में विस्तृत सूचना/निर्देश शीघ्र ही जारी किये जायेंगे।

(शिवांगी स्वर्णकार)
राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांकः–रा.स्कू.शि.प./जय/शोध/2018–19/ 6874 दिनांक 26/9/18

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
7. नियंत्रक वित्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
8. समस्त उपायुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, परिषद् मुख्यालय जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि अपने जिले में उक्त गतिविधियां निर्धारित दिनांकों को आयोजित किये जाने हेतु दूरभाष पर मॉनिटरिंग करें।
10. जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा समस्त जिले।
11. जिला परियोजना समन्वयक/अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिले।
12. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक।
13. पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त पंचायत।
14. रक्षित पत्रावली।

(डॉ. प्रिया बलराम शर्मा)
उपायुक्त II

www.rajteachers.com

# प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्री......................................................................
पुत्र/पुत्री श्री..............................................................................कक्षा.............
विद्यालय..........................................................................................................ने
"एक भारत श्रेष्ठ भारत नवाचार" के अन्तर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में पंचायत स्तर/ब्लॉक स्तर/जिला स्तर पर भाग लिया है तथा इस प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

मैं इनके मंगलमय भविष्य की कामना करता हूँ।

प्रमाण पत्र जारीकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

..........................................................................

..........................................................................

(यह प्रमाण पत्र प्रारूप है इसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते है एवं ऊपर अपने कार्यालय का नाम भी अंकित करें।)

www.rajteachers.com